फिर शादी करने जा रही हैं टीवी ऐक्ट्रेस काम्या पंजाबी, बेटी भी है खुश

टीवी ऐक्ट्रेस काम्या पंजाबी ने दोबारा शादी करने का फैसला लिया है। वह अपने बॉयफ्रेंड शलभ डांग से शादी करने जा रही हैं। काम्या फिलहाल टीवी शो च्शक्ति आस्तित्व के एहसास कीज में नजर आ रही हैं। काम्या इन दिनों बेहद खुश हैं क्योंकि उन्हें कोई ऐसा मिला है जिसने शादी में उनका फिर से विश्वास जगा दिया है। काम्या अपने बॉयफ्रेंड शलभ डांग से शादी करने जा रही हैं। इसे लेकर दोनों काफी एक्साइटेड हैं।

बता दें कि पहले काम्या पंजाबी ने बंटी नेगी से शादी की थी। लेकिन यह शादी तीन साल ही चल पाई और 2013 में दोनों का तलाक हो गया। काम्या की 9 साल की बेटी भी है। तलाक के बाद से वह अपनी बेटी को सिंगल मदर के तौर पर पाल रही हैं। काम्या ने बताया कि वह शलभ से फरवरी में सेहत की कुछ समस्याओं के बारे में बात करने के लिए मिली थीं। कुछ समय बाद शलभ ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज कर दिया। काम्या कहती हैं कि एक बार शादी टूटने के बाद दोबारा यह फैसला लेने से पहले उन्होंने काफी सोचा। शलभ की वजह से उनका प्यार और शादी में फिर से विश्वास कायम हुआ है। काम्या ने अपनी बेटी की शलभ के साथ बॉन्डिंग के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी और शलभ में काफी अच्छी बॉन्डिंग है। अगर वह उनकी कोई बात नहीं मानती है तो शलभ ही उसे मना पाते हैं। शलभ ने उसे अपनी बेटी की तरह मान लिया है। बता दें कि शलभ का भी एक बेटा है। काम्या और शलभ अगले साल की शुरूआत में शादी करने का सोच रहे हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वरुण को हायर करना चाहती हैं सोफी चौधरी और किम शर्मा

लगता है कि सोफी चौधरी और किम शर्मा ऐक्टर वरुण धवन की एक खास क्वॉलिटी से काफी प्रभावित हैं। इन दोनों पर वरुण का जादू इस कदर चल गया है कि ये उन्हें हायर करना चाहती हैं। अब आप भी सोच रहे होंगे कि भला वरुण की ऐसी क्या खासियत है जिसकी वजह से सोफी और किम उनकी फैन हो गई हैं? और फिर वे उन्हें किस काम के लिए नौकरी पर रखना चाहती हैं?

चलिए बताते हैं। दरअसल सोफी और किम वरुण की फोटो एडिटिंग स्किल्स से इम्प्रेस्ड हैं। वरुण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर अपना एक फोटो पोस्ट किया, जिसे एडिट करके उन्होंने बैकग्राउंड में मोशन स्टाइल में आसमान जोड़ दिया। इस फोटो के साथ वरुण ने लिखा, मैं अपनी एडिटिंग स्किल्स से प्रभावित हूं। वरुण के इसी फोटो पर सोफी ने कॉमेंट लिखा, च्मैं अपनी वॉटरफॉल वाली तस्वीर भेज रही हूं। प्लीज एडिट कर देना। वहीं किम ने भी लिखा, प्लीज मेरा भी फोटो एडिट कर देना।

वहीं ऐक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज और उनकी च्मैं तेरा हीरोज् को-स्टार भी काफी प्रभावित दिखीं। उन्होंने भी वरुण के फोटो पर लिखा, च्मैं भी तुम्हारी एडिटिंग स्किल्स से इम्प्रेस्ड हूंज् लगता है कि बॉलिवुड की हसीनाओं पर वरुण का जादू पूरी तरह से चल गया है। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें, तो वरुण इन दिनों च्कुली नंबर वनज् के रीमेक की शूटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा वह रेमो डिसूजा की फिल्म च्स्ट्रीट डांसर 3डीज् में भी नजर आएंगे।